महत्वपूर्ण एवं खास

थाने ले जाने के बहाने युवती का अपहरण करने वाले गिरफ्तार

भानुप्रतापपुर (आरएनएस)। थाने से बुलावा आने का झांसा देकर एक युवती के अपहरण की साजिश का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोडरी की एक युवती को युवक अपहरण कर ले जा रहा था। मुख्य आरोपी भावसिंह बघेल पीड़िता से एकतरफा प्रेम करता है। बताया जा रहा है कि युवक पहले से विवाहित है और चार बच्चों का पिता है। पुलिस ने एक महिला समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी के साथ उसके सहयोगियों ने अंतागढ़ के ग्राम गोडरी पहुंच कर पीड़िता के पिता से कहा कि अंतागढ़ थाना प्रभारी ने पीड़िता को किसी मामले में थाने बुलवाया है। इनकी बात को सच मानकर पीड़िता और पिता दोनों अंतागढ़ थाना जाने के लिए उनके साथ स्कॉर्पियो में सवार हो गए। स्कॉर्पियो कुछ दूर चलकर अंतागढ़ की ओर न जाकर विपरीत दिशा में जाने लगी, जिससे पीड़िता के पिता ने अपने बेटे को फोन पर सूचना दी। बेटे ने अंतागढ़ थाने में घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रोशन कौशिक ने अपहरणकर्ताओं का पीछा करते हुए 30 किलोमीटर दूर रावघाट के पास आरोपियों के वाहन को रोका। मुख्य आरोपी भावसिंह बघेल सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक महिला भी शामिल है।

टूलकिट केस, रमन सिंह और संबित पात्रा को बड़ी राहत, एफआईआर निरस्त

बिलासपुर (आरएनएस)। टूलकिट केस में पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दोनों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए हैं। ट्विटर पर पोस्ट किए गए टूल किट मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग करते हुए दायर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व भाजपा नेता संबित पात्रा की याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए पूर्व सीएम डॉ. सिंह, और संबित पात्रा के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर निरस्त करने के आदेश दिए हैं। पूर्व सीएम डॉ. सिंह ने 18 मई 2021 को अपने ट्विटर अकाउंट पर एक पत्र पोस्ट किया था जिसमें दावा किया था कि देश का माहौल खराब करने के लिए कांग्रेस षडयंत्र कर रही है। विदेशी मीडिया में देश को बदनाम किया जा रहा है। पात्रा ने भी ऐसी ही पोस्ट ट्विटर पर डाली थी। युवक कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी, जिसके बाद डॉ. सिंह और डॉ. पात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इस एफआईआर को दोनों ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा था कि यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है, दोनों पर कोई आपराधिक मामला नहीं बनता। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने आगे की पुलिस जांच पर रोक लगा दी थी। इस मामले में अंतिम सुनवाई मंगलवार को हुई। भाजपा नेताओं की तरफ से अधिवक्ता विवेक शर्मा और अभिषेक गुप्ता ने पैरवी की। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने भाजपा नेताओं का पक्ष रखा था।

बिना लायसेंस के फटाका बेचते दो संचालक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। बिना लायसेंस के फटाका बिक्री करने वाला दो दुकान संचालक के खिलाफ तेलीबांधा पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि महाराणा प्रताप गार्डन के पास श्यामनगर में दो व्यक्ति बिना लायसेंस के अवैध रूप से फटाका बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी दीपक पारवानी 40 वर्ष और संदीप प्रेमचंदानी 35 वर्ष के खिलाफ कार्रवाई कर 32 हजार रुपए का फटाका जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 9 ख के तहत कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट : रायगढ़ समेत कुछ जिलों में अगले 3 दिनों तक जमकर बरसेंगे बादल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की संभावना को देखकर जशपुर और रायगढ़ जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बारिश न होने से तापमान में हुई वृद्धि- जानकारी के मुताबिक ओडिशा तट पर एक निम्न दाब का क्षेत्र है और वहां चक्रवाती सिस्टम भी है। जिसके प्रभाव से राज्य में आज से मानसूनी गतिविधियां शुरू होंगी। बता दें कि बीते 4 दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से तापमान तेजी से बढ़ा है। मंगलवार को राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री से अधिक था। सुबह से शाम तक तेज धूप होने से तापमान बढऩे के साथ नमी घटी है और उमस बढ़ गई है।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तटीय पश्चिम बंगाल- उड़ीसा तट के ऊपर है। इसके साथ ही उपरी हवा का चक्रवात 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर ओडिशा और दक्षिण झारखंड की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। जिसके प्रभाव से राज्य में कई जगहों पर बारिश की संभावना है जबकि एक-दो जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जगहों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है, जिनमें सरगुजा संभाग के जिले शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में अब तक 979.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 979.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 21 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1584.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 427.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 746.7 मिमी, बलरामपुर में 867.4 मिमी, जशपुर में 774.8 मिमी, कोरिया में 880.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 881.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1121.2 मिमी, बलौदाबाजार में 1063.6 मिमी, गरियाबंद में 878.6 मिमी, महासमुंद में 999.7 मिमी, धमतरी में 935.1 मिमी, बिलासपुर में 1140.7 मिमी, मुंगेली में 1297.7 मिमी, रायगढ़ में 1104.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 943.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 998.9 मिमी, सक्ती में 919.3 मिमी, कोरबा में 932.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1060.1 मिमी, दुर्ग में 806.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 848.1 मिमी, राजनांदगांव में 1036.8 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1234.3 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1018.3 मिमी, बालोद में 941.1 मिमी, बेमेतरा में 834.5 मिमी, बस्तर में 988.8 मिमी, कोण्डागांव में 1003.6 मिमी, कांकेर में 947.4 मिमी, नारायणपुर में 901.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1001.0 मिमी और सुकमा में 1331.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

बिलासपुर से चलने वाली 8 मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर, लटिया और अकलतरा में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य के चलते 22 एवं 23 सितम्बर को कुछ गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा । ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली रेल परिचालन की सिग्नलिंग व्यवस्था में आधुनिकतम प्रणाली है । इस प्रणाली को विभिन्न सेक्शनों में चरण बद्ध तरीके से लगाया जा रहा है । इस प्रणाली के लागू होने से एक ही सेक्शन में कई गाडिय़ो को थोड़े अंतराल पर ही चलाया जा सकेता है जिससे सेक्शनों की परिचालन क्षमता बढ़ जाती है एवं एक ही समय में कई ट्रेनों को थोड़े अंतराल से चलाया जा सकता है । इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ जाएगी

रद्द होने वाली गाडियां:-

1. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
2. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर, 2023 को रायगढ़ से चलने वाली 08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
3. दिनांक 23 एवं 23 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 08736 बिलासपुर–रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
4. दिनांक 23 एवं 24 सितम्बर, 2023 को रायगढ़ से चलने वाली 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
5. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
6. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर, 2023 को कोरबा से चलने वाली 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
7. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
8. दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर, 2023 को गेवरा रोड से चलने वाली 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

फांसी के फंदे पर लटके मिले दो लोग

कोरबा (आरएनएस)। जिले में दो अलग-अलग घटनाक्रमों में सिटी कोतवाली के मानिकपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत रापाखर्रा एवं बालकोनगर थानांतर्गत चुईया पंचायत के भटगांव में दो लोगों की आज तडक़े फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चुईया के आश्रित मोहल्ला भटगांव निवासी रामकुमार सिंह कंवर उम्र 43 वर्ष पिता भोप सिंह कंवर गत रात्रि खेती किसानी के कामों को निपटाने के बाद अपने घर में आकर खाना खाने के बाद सोया हुआ था। उधर उसके परिवार के एक सदस्य को हालत खराब होने पर बड़े भाई द्वारा कोरबा हास्पिटल उपचार के लिए ले गया था। जबकि वह खुद घर पर अकेले था। आज सुबह 7 बजे के लगभग उसके पिता ने देखा कि बाड़ी से सटे जंगल में कोसम पेड़ में नायलोन की रस्सी से फांसी के फंदे पर रामकुमार लटका हुआ है।

इसकी सूचना उसके छोटे भाई आनंद कुमार कंवर उम्र 40 ने बालकोनगर थाना पहुंचकर दी। बालको पुलिस ने सूचक द्वारा सूचना दिए जाने पर मर्ग क्रमांक 88/23 एवं सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मर्ग कायम कर मृतक के शव को फंदे से उतरवाकर उसे कोरबा जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया। प्रभारी टीआई लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि परिजनों द्वारा कुछ शंका भी व्यक्त की गई है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में अग्रिम विवेचना कार्रवाई की जाएगी।

कुकुर्दीकेरा गोठान में गोधन न्याय योजना के तहत नियमित रूप से हो रही गोबर खरीदी

❐ मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था

बिलासपुर (आरएनएस)। ग्राम पंचायत कुकुर्दीकेरा के गोठान में चारा पानी नहीं होने के संबंध में कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के संबंध में मस्तूरी ब्लॉक के सीईओ पीयूष तिवारी ने निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार कुकुर्दीकेरा गोठान में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत नियमित रूप से गोबर खरीदी की जा रही है।

कुकुर्दीकेरा गोठान कुल 5 एकड़ में बना है, जिसमें अलग से चारागाह तीन एकड़ में बना है। गोठान में लगभग 230 पशुओं को रखने की व्यवस्था है। सीईओ ने बताया कि रोका छेका कर मवेशियों को गोठान में रखा जा रहा है और मवेशियों के लिए चारा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी है। उन्होंने बताया कि गोठान में ही डबरी निर्माण कार्य हुआ है, जिसमें पानी भरा हुआ है। साथ ही गोठान से ही लगा हुआ एक प्राकृतिक नाला है जिसमें साल भर पानी भरा रहता है। गोठान में निर्मित पानी टंकी में पानी नियमित रूप से भरा जाता है। मनरेगा द्वारा गोठान में पोल फेंसिंग की व्यवस्था की गई थी किन्तु असामाजिक तत्वों द्वारा गोठान में पोल फेंसिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। सीईओ ने ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव को गोठान में मवेशियों के लिए पर्याप्त चारे पानी की व्यवस्था नियमित रूप से करने के निर्देश भी दिए है।

बुजुर्ग महिला की कनपटी पर बंदूक टिकाकर लूट का प्रयास

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की कनपटी पर बंदूक रखकर लूटपाट की कोशिश की गई किंतु महिला की चालाकी ने आरोपी के मंसुबे पर पानी फेर दिया और लूट के प्रयास को असफल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र के विप्र कॉलोनी का है जहां बुधवार दोपहर 60 वर्षीय सुनीता यादव के घर एक व्यक्ति पहुंचा और नौकरी मांगने के बहाने अंदर घूस गया और महिला से बात करने लगा इस दौरान आरोपी ने भांप लिया कि घर में बुजुर्ग महिला अकेली है तथा और कोई भी नही है। उसने अपनी कमर से बंदूक निकालकर महिला की कनपटी पर टिका दी और रूपयों की मांग करने लगा। बंदुक देखकर पहले तो महिला घबरा गई पर हिम्मत दिखाते हुए महिला ने आरोपी से को अंदर से पैसे व गहने लाकर देने की बात कही और जैसे ही आरोपी पीछे मुड़ा महिला ने उसे मेन डोर से धक्का दे दिया और खुद को अंदर लॉक कर लिया। इसके बाद महिला ने तत्काल 112 नंबर पर फाने लगाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची किंतु पर सायरन की आवाज सुनकर आरोप भाग खड़ा हुआ।

मौके पर पहुंची डीडी नगर पलिस ने महिला का बयान दर्ज कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है तथा उसकी तलाश कर रही है। डीडी नगर पुलिस का कहना है कि आरोपी के सबंध में कुछ जानकारी मिली है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बताया जाता है कि 60 साल की सुनीता यादव के पति की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। वो अपने घर पर बेटे और बेटी के साथ रहती हैं। महिला को एक ड्राइवर की जरूरत थी जिसके लिए महिला ने अखबार में विज्ञापन छपवाया था जिसे पढक़र आरोपी ड्रायवर की नौकरी पाने के लिए महिला के घर पहुंचा था किंतु महिला को अकेली पाकर उसकी नीयत डोल गई और उसने लूटने की साजिश रच डाली।

हाथियों के दल ने सेमरहा में फसलों को किया नुकसान

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कटघोरा में हाथियो का उत्पात जारी है। यहां के केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में घूम रहें 41 हाथियो का दल बीती रात पसान रेंज पहुंच गया है। ओर दो झूंडो में बंट गया। एक झूंड में 21 हाथी शामिल है। जबकि दूसरे में 20 हाथी । 21 हाथियो वाला दल पसान रेंज के सेमरहा गांव में पहुंच गया और भारी उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल रौंद दी जबकि दूसरा झूंड बनिया के जंगल में विचरण कर रहा है। सेमरहा में बड़ी मात्रा में हाथियो के पहुंचने तथा फसल रौंदे जाने की सूचना वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियो की निगरानी करने के साथ ही नुकसान के आकलन में भी जुट गया है। इससे पहले हाथियो के दल ने केंदई रेंज में उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की फसल रौंदी थी। हाथियो की उत्पात से क्षेत्रवासी काफी हालाकान है।

वन विभाग हाथियो के उत्पात को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और नवाचार भी लेकिन इसमें सफलता नही मिल पा रहा है। हाथियो की निगरानी के लिए थर्मल ड्रोन के अलावा मैदानी अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम गठित की गई है, जो दिनरात निगरानी में लगे हुए है। इसके अलावा ट्रेंकिग के लिए विशेषज्ञों का दल भी आया हुआ है। जिसमें काम करना शुरू कर दिया है। बावजूद इसके हाथी खेतो में पहुंच जा रहे है। और फसलो को रौंदने के साथ ही तहस-नहस कर दे रहे है। डीएफओ कुमार निशांत भी गंभीरता पूर्वक लगे हुए है। वें रात में जंगलो में स्वयं पहुंचकर हाथियो की जानकारी लेने के साथ अपने मातहतों को आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे है। इस बीच क्षेत्र में मौजूद खतरनाक लोनर हाथी चेतक केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल झिलपुरी पहुंच गया है। लोनर के यहां लोकेशन मिलते ही वन स्टाफ मौके पर उसकी निगरानी में लग गया है। इधर कोरबा वन मण्डल के पसर खेत रेंज में हाथी समस्या बनी हुई है। 9 हाथियो का दल रेंज के मदनपुर स्थित बगदर्री डाड़ में घूम रहे है। इस दल ने बीती रात उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की खरीफ फसल को रौंद डाला है।

ढाई दशक बाद सात गांवों को मिली बिजली की सौगात

❐ 342 परिवारों के घरों में बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

सुकमा (आरएनएस)। प्रदेश के दक्षिणतम छोर में स्थित सुकमा जिला शासन- प्रशासन के निरंतर प्रयासों से अपने विकास की सोपान चढ़ रहा है। जिले के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही राशन सामाग्री, बिजली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं का विकास के लिए शासन-प्रशासन सदैव तत्पर है। इसी क्रम में एक और सकारात्क परिणाम आया है।

जिले के अति संवेदनशील गांव डब्बाकोंटा, पिड़मेल, एकलगुडा, दुरामांगु, तुमबांगु, सिंगनपाड एवं डोकपाड सभी 7 गांवों में ढाई दशक बाद बिजली की बड़ी सौगात मिली है। ऐतिहासिक रूप से वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की चपेट में रहा है। इसलिए विद्युतीकरण की ये उपलब्धि और भी उल्लेखनीय हो गई है। अब तक ग्रामीण सौर ऊर्जा पर निर्भर रहते थे। वहीं कई घरों में किसी भी प्रकार से लगातार बिजली की पहुंच नहीं थी। सभी सात ग्रामों में विद्युतीकरण के होने से लगभग 342 परिवार लाभान्वित हुए है।

कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि प्रदेश सरकार का निर्देश है कि सबसे गरीब और पिछड़े लोगों के लिए काम करें। हम उनकी मंशा के अनुरूप ही प्राथमिकता तय कर रहे हैं। अति संवेदनशील इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का विकास शासन की प्राथमिकता है। इस इलाके के अन्य गांवों में भी जल्द बिजली पहुंचाई जाएगी।

बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता जोसेफ केरकेट्टा बताते हैं कि जिले के इन ग्रामों में बिजली लाइन बिछाना बहुत ही मुश्किल काम था। जिला मुख्यालय से दूरी होने के कारण विद्युत सामाग्रियों को चिन्हांकित स्थल तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण कार्य था। ये सभी ग्राम अति संवेदनशील इलाके के कई गांव घने जंगलों के बीच बसे हैं। साथ ही इन गांवों में मजदूर का पहुंचाना भी मुश्किल था। जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों से यह संभव हो पाया है कि आज यहां के ग्रामीणों में अंधेरे से मुक्ति का उत्सव मना रहे है।

ग्रामीणों में खुशी की लहर - आजादी के बाद पहली बार इन सभी गांवो में बिजली की सुविधा पहुंचने से सभी ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने हंसते हुए बताया कि हमनें सोचा नहीं था कि कभी हमारें घरों में भी बिजली आएगी। पहले हम सौर ऊर्जा पर निर्भर रहते थे, घरों में पर्याप्त रोशनी नहीं हो पाती थी। अब पहली बार जैसे ही बिजली हमारें घरों में पहुंची तो ऐसा लगा कि जिंदगी की उम्मीद पूरी हो गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU